भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न संख्या : **3030**

दिनांक 11 जुलाई , 2019 / 20 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

कला संग्रह की बिक्री

3030. श्री वी.के. श्रीकंदन:

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या एअर इंडिया अपने पांच दशक से भी अधिक पुराने बड़े कला संग्रहों को बेचने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और उद्देश्य क्या हैं; और

(ख) क्या ये बेशकीमती कला संग्रह गत दो वर्षों से किसी भंडार कक्ष में पड़े हुए थे जिससे इन्हें क्षति पहुंची है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क): जी, नहीं।

(ख): जी, नहीं। एअर इंडिया भवन, नरीमन प्वांइट में कला कृतियों का संग्रहण उचित माल सूची तैयार करके किया गया है तथा इनका भंडारण एअर इंडिया भवन में निर्मित भंडारण क्षेत्रों में किया गया है। एअर इंडिया सुरक्षा द्वारा इन भंडारण क्षेत्रों की सीसीटीवी के माध्यम से चौबिस घंटे निगरानी की जाती है।

*****